# भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड

## भारतीय रिजर्व बैंक में अधिकारी ग्रेड 'बी' (सामान्य) - सीधी भर्ती 2016

## ऑनलाइन परीक्षा के लिए सूचना पुस्तिका

**चरण-II - 19 सितंबर, 2016**

### 1. चरण-II की परीक्षा की योजना:

इस परीक्षा में निम्नलिखित तीन प्रश्नपत्र (दो पाली में आयोजित) होंगे :

| पाली | प्रश्नपत्र सं. | प्रश्नपत्र | प्रश्नपत्र का प्रकार | समयावधि (मिनट) | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रातःकालीन | प्रश्नपत्र-I | आर्थिक और सामाजिक मुद्दे | वस्तुनिष्ठ प्रकार | 90 | 100 |
| | प्रश्नपत्र-II | अंग्रेजी (लेखन कौशल) | वर्णनात्मक, कीबोर्ड की सहायता से टाईप करना होगा | 90 | 100 |
| दोपहर | प्रश्नपत्र-III | वित्त और प्रबंधन | वस्तुनिष्ठ प्रकार | 90 | 100 |

चरण-II की ऑनलाइन परीक्षा **19 सितंबर, 2016** को होगी । यह केवल उन्हीं उम्मीदवारों के लिए होगी जिन्हें चरण-I की परीक्षा के परिणाम के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया गया होगा । यह परीक्षा दो पालियों (शिफ्टों) में होगी । उम्मीदवारों को दोनों ही पालियों की परीक्षा देनी होगी । **प्रत्येक पाली के लिए अलग प्रवेश पत्र RBI की वेबसाइट से डाउनलोड करें** । चरण-II की परीक्षा/पालियों का समय और परीक्षा स्थल दोनों ही प्रवेश पत्रों पर दर्शाया गया है ।

उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु चरण-II (प्रश्नपत्र -I + प्रश्नपत्र-II + प्रश्नपत्र -III) में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया जाएगा । साक्षात्कार हेतु शॉर्टलिस्ट होने के लिए न्यूनतम कुल कट ऑफ अंक बोर्ड द्वारा रिक्तियों की संख्या के संबंध में निर्धारित किए जाएंगे । साक्षात्कार हेतु शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के रोल नंबर उचित समय पर RBI की वेब साइट पर प्रकाशित किए जाएंगे और साक्षात्कार हेतु प्रवेश पत्र पंजीकृत ईमेल आई डी पर भेजे जाएंगे।

चरण-II के सभी प्रश्नपत्र (अंग्रेजी प्रश्नपत्र को छोड़कर) हिंदी और अंग्रेजी यानी द्विभाषी रूप में तैयार किए जाएंगे । उम्मीदवारों को प्रश्नों को हिंदी या अंगेजी में चुनने का विकल्प उपलब्ध होगा । भाषा का विकल्प परीक्षा के आरंभ में ही चुनना होगा । हालांकि आवश्यकतानुसार, भाषा का विकल्प चुनने के बाद आप दो भाषाओं के बीच स्विच/टॉगल कर सकेंगे। चरण-II (अर्थात् प्रश्नपत्र-I और प्रश्नपत्र-III) के प्रश्नपत्रों के उत्तर माउस द्वारा सही विकल्प और उसके उपरांत 'Save and Next' पर क्लिक करके दिए जाएंगे ।

सुबह और दोपहर बाद की पालियों में परीक्षा का समय क्रमशः 180 और 90 मिनट होगा, लेकिन आपको परीक्षा स्थल पर क्रमशः लगभग 230 और 140 मिनट रहना होगा । इसमें उपस्थिति दर्ज करने, फोटो पहचान के प्रमाण के साथ प्रवेशपत्र जमा करने, लॉगिंग इन करने आदि में लगने वाला समय शामिल है।

**वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नपत्र (प्रश्नपत्र-I और प्रश्नपत्र-III):** वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नपत्रों में सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे । प्रश्न भिन्न-भिन्न अंकों वाले होंगे जो प्रश्नपत्रों पर दर्शाए जाएंगे । आबंटित समय 90 मिनट के अंदर आप किसी भी प्रश्न का उत्तर किसी भी समय दे सकते हैं । प्रश्न के पाँच उत्तरों में से केवल एक सही उत्तर होगा । आपको उपयुक्त उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को आप

